otal No. of Printed Pages—5

**4 SEM TDC HND MIL (A) 1**

DIBRU COLLEGE LIBRARY
EST. 1963
DIBRUGARH

**2014**

( May )

HINDI

( Modern Indian Language )

**( Arts )**

Course : 401

**( व्यावहारिक हिन्दी )**

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*Candidates* ***eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***8***

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 32

*Candidates* ***not eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***10***

*Full Marks* : 100

*Pass Marks* : 40

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) संक्षेपण के कितने भेद हैं?

(ख) कोश के अनुसार अनुवाद का अर्थ क्या होता है?

(ग) भारत सरकार ने शिक्षा मंत्रालय के अधीन कब वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली बोर्ड का गठन किया था?

(घ) सरकारी कार्यालयों में किस प्रकार की हिन्दी भाषा का प्रयोग किया जाता है?

(ङ) सामाजिक पत्राचार किसे कहते हैं?

(च) संस्कृत के 'वद्' धातु का सम्बन्ध किसके साथ होता है?

(छ) आधुनिक दृष्टि से पत्रों के कितने प्रकार होते हैं?

(ज) पत्र-लेखन एक —— होती है।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×8=16

(क) अनुवाद की परिभाषा दीजिए।

(ख) देवनागरी लिपि में व्यंजनों की संख्या कितनी है?

(ग) बैंकों में प्रयुक्त होने वाले दो पारिभाषिक शब्दावली लिखिए।

(घ) कार्यालय आदेश क्या है?

(ङ) भावानुवाद क्या है?

(च) प्रशासन में प्रयुक्त होने वाले दो प्रशासनिक शब्दावली लिखिए।

(छ) पत्राचार के लिए अंग्रेजी में प्रयुक्त होनेवाले शब्द को लिखिए।

(ज) प्रूफ-पठन क्या है?





3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) हिन्दी अनुवाद की प्रयोजनीयता पर प्रकाश डालिए।

(ख) कार्यालयीन हिन्दी की विशेषताएँ बताइए।

(ग) पारिभाषिक शब्दावली की परिभाषा देते हुए इसके भेदों के बारे में बताइए।

(घ) सरकारी पत्र-लेखन क्या होती है? सरकारी पत्र और अर्द्ध-सरकारी पत्र के पार्थक्य को स्पष्ट कीजिए।

4. अनुवाद के महत्त्व को दर्शाते हुए उसके स्वरूप और विस्तार पर प्रकाश डालिए तथा अनुवाद के सामान्य नियमों की जानकारी दीजिए। 11

5. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पारिभाषिक शब्दों को अंग्रेजी में रूपान्तरित कीजिए : 1×4=4

दैनिक भत्ता ; अनुदान ; नियमानुसार ; निदेशक ; प्रबन्धक ; कोषागार।

(ख) निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों में से किन्हीं **चार** को हिन्दी में रूपान्तरित कीजिए : 1×4=4

Decentralization ; Draft ; Official ; Endorsement ; Lease ; Celebration ; Diplomat.

6. निम्नलिखित का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 8

To look pretty is one thing and to look pretty to get focused in the media is another. The

TV cameras focusing on row of girls over and over again and asking them some silly questions is absurd. I feel that all hype that surrounds Saraswati Puja beauties is created by media. Auspicious occasion like Saraswati Puja has been commercialized.

**अथवा**

All human beings want to lead happy lives. Of course, the meaning and experience of happiness is different for each person. Buddhism teaches us to live with the desire for the happiness of ourselves and others. Each person fundamentally possesses a strong life-force to challenge and overcome great obstacles and to feel the greatest joy in every circumstances.

**7.** सरकारी पत्र-लेखन की सामान्य विशेषताओं को दर्शाते हुए सरकारी-पत्र का नमूना बनाइए।

**8.** किसी भी देश में विदेशी पूँजी बहुधा दो रूपों में लगायी जाती है। या तो विदेशी पूँजीपति स्वयं किसी भी देश में जाकर वहाँ किसी उद्योग का संचालन करता है और अपनी पूँजी लगाकर लाभ उठाता है अथवा वह किसी देश में स्वयं न जाकर उस देश के उद्योगपतियों को ही ऋण रूप में पूँजी देकर उसके लाभांश का अधिकारी होता है। भारत में अधिकांशतः प्रथम रूप में ही पूँजी लगी हुई है और यही कारण है कि स्वतंत्र भारत में भी विदेशी पूँजीपति मनमाना लाभ प्राप्त कर रहे हैं। और इसी से यहाँ का



( Continued )



जनमत विदेशी पूँजी के सर्वथा विरुद्ध है। दूसरे रूप में विदेशी पूँजी उतनी हानिकर नहीं है क्योंकि उसमें विदेशी पूँजीपति केवल अपने मूलधन के लाभांश तथा ब्याज का ही अधिकारी होता है। पहले प्रकार की विदेशी पूँजी अवश्य घातक है, क्योंकि उसमें विदेशी पूँजीपति का प्रत्यक्षतः स्वार्थ होता है। इसी कारण भारत में विदेशी पूँजी की समस्या गहरी चर्चा का विषय बनी हुई है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का संक्षेपण कीजिए। 5

**( In lieu of Internal Assessment )**

**9.** एक अच्छे पत्र की विशेषताओं को दर्शाइए। 10

**10.** भारत में साहित्यिक शब्दावली की समस्याओं पर प्रकाश डालिए। 10

**अथवा**

कार्यालय आदेश का परिचय दीजिए।

★★★